हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 जून 2025

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

12 कोंडागांव में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को मिला ...



12 विश्व पर्यावरण दिवस पर डोगरीगुड़ा में हुआ ...





## खबर संक्षेप

### बस्तर प्रकृति बचाओ समिति के सदस्यों ने किया पौधारोपण



**जगदलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को आर्यभट्ट बालक छात्रावास धरमपुरा में प्रकृति बचाओ समिति द्वारा पौधारोपण का आयोजन किया गया। आम, कटहल, बादाम, मुनाफा, कोलियारी सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गये। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जीआर सोरी के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। बालक आश्रम के 100 से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में बस्कान के अध्यक्ष दशरथ कश्यप,सचिव मदन आचार्य, मंडल संयोजक दीपक मौर्य, आश्रम अधीक्षक सामू मौर्य, दशरथ सिंह नेताम, सहित बस्कान के डी, बी, बराल, उमेश आचार्य,विपल चन्द्र नागे टी, पी शर्मा आदि की उपस्थिति गरिमामय रही।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर 60 पौधों का किया रोपण



**जगदलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर हाई स्कूल नानगुर में गुरूवार को 60 पौधों का रोपण कार्य किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं संबंधित स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र-छात्रा एवं वन विभाग के अमला शामिल रहे।

### कुम्हारपारा यूपीएचसी में पौधारोपण व शपथग्रहण



**जगदलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शहर के कुम्हारपारा यूपीएचसी में पौधरोपण और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया। इसमें सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक और पर्यावरणविद संपत झा शामिल हुए।

### बाल गृह में फलदार पौधों का किया रोपण

**जगदलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बाल गृह में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर बाल कल्याण समिति द्वारा बाल गृह में बच्चों के साथ बाल गृह परिसर में शहतूत, चीकू, जाम, आम, नीबू सहित फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति बस्तर के अध्यक्ष नरेंद्र पाणिग्राही एवं सदस्यों ने बाल गृह के बच्चों को पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित किया तथा पर्यावरण में उनकी अहम भूमिका को बताया।

### बाबू की कुटिया में पर्यावरण दिवस पर परिचर्चा

**जगदलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बापू की कुटिया में ग्रीन फाउंडेशन वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ के द्वारा पर्यावरण बचाओ जीवन बचाओ विषय पर परिचर्चा कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की जानकारी बताते हुए संस्था के सचिव मनोज कुमार पांडे ने बताया कि परिचर्चा में वक्ताओं ने बिगड़ते पर्यावरण पर गंभीर चिंता व्यक्त की और कहा कि शासन प्रशासन गैर शासकीय संस्थाएं सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध जन मिलकर वृक्ष लगाकर उसका संवर्धन कर पर्यावरण को बचाने के लिए प्रयास करना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष छबिलेश्वर जोशी ने पेड़ लगाओ जीवन बचाओ स्लोगन पर अपने वक्तव्य रखें पर्यावरण को बचाने के लिए हर व्यक्ति को मिलकर प्रयास करना चाहिए। पेड़ लगाएं और पानी बचाएं।

# द केरला स्टोरी और बस्तर द नक्सल स्टोरी के निर्देशक, नक्सलवाद खात्मे पर बनाएंगे नई फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

द केरला स्टोरी और बस्तर द नक्सल स्टोरी के निर्देशक सुदीप्तो सेन ने छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में नक्सलवाद के खात्मे को केंद्र में रखकर एक नई फिल्म बनाने की घोषणा की है। जगदलपुर में बस्तर शांति समिति द्वारा आयोजित 'बीजिंग से बस्तर तक' संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सुदीप्तो सेन ने बताया कि लगभग 40 वर्षों से नक्सलवाद का दंश झेल रहा बस्तर अब नक्सलमुक्त होने की कगार पर है। इस बदलाव को पर्दे पर उतारने के लिए वे जल्द ही एक नई फिल्म की शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। सुदीप्तो सेन ने कहा कि उनकी आगामी फिल्म बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई को दर्शाएगी, जिसमें नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों और सरकार के प्रयासों को प्रमुखता से दिखाया जाएगा। इस फिल्म की खास बात यह होगी कि इसमें स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाएगा और पूरी शूटिंग बस्तर में ही की जाएगी। उन्होंने बताया कि फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार हो चुकी है, हालांकि अभी तक फिल्म का शीर्षक तय नहीं किया गया है। कार्यक्रम के दौरान सुदीप्तो ने बस्तर के बदलते स्वरूप पर खुशी जताई।

### बीजिंग से बस्तर तक' संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सुदीप्तो सेन

#### संघर्ष को भी सामने लाएगी

उन्होंने कहा, "बस्तर अब शांति की ओर बढ़ रहा है। यहां के लोगों की कहानियां और जवानों की बहादुरी को दुनिया के सामने लाना जरूरी है। हमारी फिल्म इस क्षेत्र की सच्चाई और सकारात्मक बदलाव को उजागर करेगी। यह फिल्म न केवल नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई को दर्शाएगी, बल्कि बस्तर की संस्कृति और स्थानीय लोगों के संघर्ष को भी सामने लाएगी।"



#### बस्तरः द नक्सल स्टोरी' ने नक्सलवाद के मुद्दे को लाया था चर्चा पर

सुदीप्तो सेन की पिछली फिल्म 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' ने नक्सलवाद के मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में लाया था। इस फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी, लेकिन इसने बस्तर के हालात को समझने में अहम भूमिका निभाई। उनकी नई फिल्म की घोषणा से स्थानीय लोगों में उत्साह है, क्योंकि यह न केवल क्षेत्र की कहानी को वैश्विक मंच पर ले जाएगी, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को भी अवसर प्रदान करेगी। यह फिल्म बस्तर के लिए एक नई उम्मीद की किरण बन सकती है, जो नक्सलवाद के अंधेरे से निकलकर शांति और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है।

गंगा आरती : वैदिक मंत्रोच्चार व विधि-विधान पूजा कर गंगा दशहरा पर्व धूमधाम से मना

# भूतेश्वर महादेव मंदिर के इन्द्रावती नदी के राजघाट में गंगा आरती, उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के प्रवीर वार्ड लक्ष्मीनारायण व भूतेश्वर महादेव मंदिर के इन्द्रावती नदी तट के राजघाट स्थित 42 सीढ़ी में गंगा दशहरा महापर्व पर गुरुवार को गंगा आरती पूजा की गई। आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित चन्दन तिवारी व पंडित आशुतोष त्रिपाठी द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा की गई।

गंगा पूजा में सर्वप्रथम गुरु पूजा, कलश स्थापना के साथ लक्ष्मीनारायण व भूतेश्वर महादेव मंदिर के उत्तर दिशा में प्रवाहित इन्द्रावती मैय्या की पूजा नैवेद्य विधान किया गया। तत्पश्चात गंगा मैया इन्द्रावती को साड़ी, श्रृंगार सामग्री अर्पित किया गया। पूजा अर्पण पश्चात गोधूलीबेला ने गंगा मैया की महारारती की गई। ततपश्चात पूजा में सम्मलित समस्त श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान निगम एमआईसी सदस्य सुरेश गुप्ता, मदन दुबे, डॉ सुषमा झा, विधु शेखर झा, अंजना झा, राकेश साहू, योगेश ठाकुर, अभय दीक्षित, पंडित किशोर तिवारी, आशु त्रिवेदी, प्रवीण द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु साम्मलित थे। आचार्य पंडित रोमित राज त्रिपाठी ने बताया हर वर्ष गंगा दशहरा पर्व पर राजघाट के 42 सीढ़ी में गंगा आरती की जाती है।



#### रियासत कालीन 42 सीढ़ी में कतार से खड़े होकर श्रद्धालुओं ने की आरती

भूतेश्वर महादेव मंदिर के इन्द्रावती नदी तट स्थित राजघाट के 42 सीढ़ी में सीढ़ी के दोनों तरफ खड़ी मातृ शक्तियां, पुरुष कर्मकर्ता, युवक-युवतियां, बच्चे और बुजुर्गजनों ने हाथों में सजी आरती करने का नजारा आकर्षण का केंद्र रहा। गोधूली बेला में आसमान जब बादलों को अपने ओट में छिपाने में जुटा रहा, इस दौरान गंगा आरती अद्भुत परिलक्षित हो रही थी।



#### वर्षों से सुवस्थित घाट बनाने की मांग नहीं हुई पूरी

गंगा आरती में हर वर्ष श्रद्धालुओं को घाट के अभाव में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चूंकि राजघाट सकरा होने से आधे से ज्यादा श्रद्धालु घाट के ऊपर खड़े होकर आरती में सम्मिलित होते है। लक्ष्मीनारायण सेवा समिति, आदित्यवाहनी-आनंदवाहिनी के मातृ शक्तियां व पुरुष कर्मकर्ता पिछले 5 वर्ष से वर्तमान व पूर्व सांसद, विधायक, महापौर से पक्का घाट निर्माण की मांग की जा रही है। बावजूद आज इतने वर्षों के बाद भी व्यवस्थित घाट का निर्माण नहीं हो पाया है। हालांकि विधायक व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, सांसद महेश कश्यप व महापौर संजय पांडे ने लक्ष्मीनारायण मंदिर, भूतेश्वर महादेव मंदिर के विकास और घाट निर्माण का आश्वासन दिया है लेकिन निर्माण कब होगा यह स्पष्ट नहीं है।

# आत्मसमर्पित माओवादियों को रोजगार मूलक प्रशिक्षण से मिलेगा आत्मनिर्भरता का नया आयाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

शासन-प्रशासन द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में शांति एवं विकास सहित आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी कड़ी में कलेक्टर देवेश कुमार के निर्देशन में एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में आत्मसमर्पित माओवादियों को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण आरएसईटीआई के तहत एनआरएलएम पंचायत अंतर्गत विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बड़ेसेटटी के 30 आत्मसमर्पित माओवादी शामिल किया गया है। यह प्रशिक्षण उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ ही उनके जीवन में स्थायित्व और सकारात्मक बदलाव की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों को गति देने के ▶▶| शेष पेज 12 पर

#### आवास का सपना साकार करने में कर पाएंगे मदद

ग्राम पंचायत बड़ेसेटटी के आत्मसमर्पित माओवादी ने भी प्रशिक्षण को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उनका कहना है कि अब वे अपने परिवार और गांव के विकास में भागीदार बन पाएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बन रहे आवासों को समय पर पूरा कर लाभार्थियों को उनका सपना साकार करने में मदद कर पाएंगे।

# शिविर में नहीं पहुंचने वाली स्कूल बसों का होगा पंजीयन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- स्कूल बसों की जांच पर प्रबंधन को आरटीओ ने दिया नोटिस

परिवहन विभाग के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बस्तर जिले की शैक्षणिक संस्थान के प्रबंधन को नोटिस दिया कि 14 जून को स्कूल बसों की जांच कराने के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में नहीं पहुंचने पर स्कूल बसों का पंजीयन निरस्त किया जाएगा। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने नोटिस में निर्देश दिया कि बस्तर जिले के शैक्षणिक संस्थान स्कूल, कालेज, आईटीआई में संचालन होने वाली शैक्षणिक संस्थान वाहनों को उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार जारी गाइड लाइन अनुसार 14 जून की सुबह 8 बजे कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कुरन्दी रोड आड़ावल में जांच शिविर आयोजित किया गया है। निरीक्षण के लिए प्रस्तुत वाहनों का एक सैट आवश्यक दस्तावेज सहित वाहन को अद्यतन कर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। स्कूल प्रबंधकों को कहा गया कि स्कूलीय वाहनों को नियत जांच शिविर में प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो मोटर यान अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत वाहनों का उपयुक्तता प्रमाण पत्र, पंजीयन प्रमाण पत्र, अनुज्ञा पत्र, निलंबन, निरस्तीकरण की कार्यवाही किया जाएगा और वाहन संचालित होते पाया जाएगा तो वाहन निरूद्ध भी किया जाएगा।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर समाज प्रमुख ने रोपे 200 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कालीपुर में इंद्रावती नदी के किनारे लगाए गए

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर साहू समाज तेतरकुटी के द्वारा कालीपुर में इंद्रावती नदी के किनारे 200 पौधे का रोपण किया।

इस दौरान समाज के अध्यक्ष गणेश राम साहू ने कहा कि प्रकृति के पांच तत्वों का संतुलन और संरक्षण पृथ्वी पर जीवन के संरक्षण के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमको जनजातीय समाज से प्रेरणा लेकर वृक्षों के संवर्धन और संरक्षण के लिए प्रयास करना होगा। समाज के संरक्षक पालन साहू ने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने जीवन के विशेष अवसरों पर एक पौधे लगाये और उसे संरक्षित करने का संकल्प ले तो धरती को हरियाली से भरा जा सकता है, जो कि पर्यावरणीय असंतुलन को रोकने कि दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

कालीपुर के सरपंच सरिता भोयर ने कहा कि वृक्षों की रक्षा से ही जीवन, समाज और संस्कृति की रक्षा होगी। उन्होंने लोगों से धरती और पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्पित होकर प्रयत्न करने का आह्वान किया।

**ये रहे उपस्थित-** इस दौरान साहू समाज के सचिव देवनारायण साहू, उपाध्यक्ष लाल ▶▶| शेष पेज 12 पर





#### स्वच्छ भारत, हरित भारत अभियान के तहत लगाए पौधे

**जगदलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर पर्यावरण प्रेमियों ने पौधे लगाए। पौधे लगाने के साथ-साथ उसके देखरेख की जवाबदारी भी ली गई। आवारा पशु, पौधों को नुकसान न पहुंचा सके इसके लिए तत्काल ट्री गार्ड भी लगाया गया। पर्यावरण से संबंधित नारे भी पर्यावरण दिवस पर लगाए गए। महापौर संजय पाण्डे सुबह लालबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित भुतहा तालाब पहुंचे। बरसात में नगर निगम ▶▶| शेष पेज 12 पर

महापौर के नेतृत्व में एमआईसी सदस्यों ने की एसपी को पत्र सौंप जांच कराने की मांग

# गुपचुप तरीके से मलबा डंप कर दलपत सागर को अतिक्रमण करने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर संजय पांडे गुरुवार को निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन व एमआईसी सदस्यों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच एसपी शलभ सिन्हा को शिकायत पत्र सौंपा। जिसमे ऐतिहासिक दलपत सागर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किये जाने पुष्टि हुई है। महापौर ने ऐसे व्यक्ति की पहचान कर उचित कार्रवाई करने कहा है।

विदित हो कि दलपत सागर जो कि सार्वजनिक सम्पत्ति है, तथा जन साधारण के प्रयोग के लिए निहित है। दलपत सागर के रख-रखाव की जिम्मेदारी नगर प्रशासन की है। नगरपालिक निगम के द्वारा समुचित रूप से दलपत सागर का रख-रखराव निष्पादित किया जाता है।



विगत कुछ समय से यह परिलक्षित हो रहा है और जानकारी भी प्राप्त हो रही है कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा दादाबाड़ी के पीछे दलपत सागर के पाट को कम करने के दृष्टिकोण से मलबा डाला जा रहा है। ताकि धीरे-धीरे उक्त जमीन को अतिक्रमण किया जा सके। नगर प्रशासन के द्वारा इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, कि किस और किन व्यक्तियों के द्वारा षड़यंत्र पूर्वक उक्त कार्यवाही की जा रही है। अभी तक ऐसी कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है। इस विशिष्ट पृष्ठभूमि में पुलिस अधीक्षक से शिकायत पत्र देकर महापौर, निगम अध्यक्ष समेत एमआईसी सदस्यगण आग्रह करते कहा है कि संबंधित थाने के प्राधिकारी को निर्देशित करें कि वे इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए यह सुनिश्चित करें कि कदाचित अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दलपत सागर में मलबा डंप न किया जाये। यह भी निवेदन है कि यदि उक्त अनुसार अवैध कृत्य करते हुए कोई व्यक्ति पुलिस को मिलते है तो उनके विरूद्ध विधि अनुसार अपराधिक प्रकरण दर्ज करते हुए समुचित कार्यवाही करने की व्यवस्था करें।

**ये रहे मौजूद-** इस दौरान निर्मल पाणिग्राही, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, राणा घोष, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रन्धारी, संजय विश्वकर्मा, कलावती कसेर, राजपाल कसेर व अन्य सम्मलित थे।

# मादा भालू के हमले से बोड़ा बीनने गई बुजुर्ग महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बकावंड ब्लाक के तुंगापाल जंगल की घटना
- प्राथमिक उपचार के बाद मेकाज किया रेफर

बकावंड ब्लाक स्थित तुंगापाल के जंगल में बोड़ा बीनने गई बुजुर्ग महिला पर मादा भालू ने हमला कर दिया। हमले में गंभीर महिला को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक तुंगापाल ग्राम निवासी बुजुर्ग महिला घर से कुछ दूरी स्थित जंगल में बोड़ा बिनने के लिए गई हुई थी। जहाँ एक मादा भालू अपने 3 बच्चों के साथ जंगल में घूम रही थी। इसी दौरान मादा भालू ने बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर महिला किसी तरह अपने गांव पहुंची। इसकी जानकारी परिजनों व ग्रामीणों को दी। जिसके बाद उसे तत्काल उपचार के लिए बकावण्ड अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेकाज रेफर कर दिया गया। मेकाज में उपचार के लिए भर्ती आसमती 55 वर्ष ने बताया कि घर से कुछ दूरी में स्थित जंगल मे बोड़ा बीनने के लिए गई हुई थी। जहां से वापस लौटने के दौरान अचानक आसमती ने देखा कि एक मादा भालू अपने 3 बच्चों को लेकर ▶▶| शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप

### हानपतरी के सामुदायिक तालाब में किया पौधारोपण

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हानपतरी में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम थीम अंतर्गत सामुदायिक तालाब में पौधारोपण किया गया। रोपण में कगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं जिला संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ भाजपा के विजय पटेल, सरपंच शिवलाल ध्रुव, पंच देवकी बाई आचला, रोजगार सहायक पवन पटेल एवं स्व सहायता समूह की दीदीयाँ व ग्रामवासियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विजय पटेल के द्वारा प्रकृति को स्वस्थ बनाएं व सबको अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए योगदान देने की अपील किया गया।

### वाहन से टकराया युवक, हुई मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम सरंगपाल के पास आमाबेड़ा थानांतर्गत उसेली निवासी 17 वर्षीय चेतन सिंह बघेल सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। गंभीर चोट आने की वजह से उसका मौत हो गया। उसेली निवासी 48 वर्षीय जितेंद्र कुमार बघेल ने पुलिस को बताया कि मृतक 4 जन को रात 9 बजें ग्राम सरंगपाल सड़क में ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीके 6519 खड़ी वाहन से एक्सीडेंट होने से चोट आने के कारण मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए तालाब में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील सरोना के ग्राम करप निवासी 65 वर्षीय रामदयाल नेताम की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी हिरोंदी बाई को चार लाख रुपये की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### प्लास्टिक के प्रदूषण से वन्यजीवों, जल स्रोतों व मिट्टी को होता नुकसान : नवीन

# उद्यान के जलप्रपात, गुफाओं व रॉफ्टिंग में प्लास्टिक प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बस्तर जिले के कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान को प्लास्टिक मुक्त किया गया। यह कदम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना थीम पर आधारित था, जो इस साल के विश्व पर्यावरण दिवस का मुख्य विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्यान के जलप्रपात, गुफाओं एवं रॉफ्टिंग में प्लास्टिक प्रतिबंधित किया गया है, इस पर पर्यटकों को जागरूक किया जा रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण से वन्यजीवों, जल स्त्रोतों और मिट्टी को भारी नुकसान होता है। उक्त बातें तीरथगढ़ जलप्रपात परिसर में गुरूवार को आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम में कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि जलप्रपात में पहुंचने वाले पर्यटकों को पानी बोतल ले जाने पर गेट में 50 रूपए ले रहे थे, उसके बाद खाली बोतल लाकर डस्टबीन में देने पर 50 रूपए वापस पर्यटकों को दे रहे थे पर ज्यादातर पर्यटक बोतल वापस नहीं ला रहे थे। इस पर अब पर्यटकों से एक बोतल पर 100 रूपए का जुर्माना किया जाएगा। साथ ही गेट में पर्यटकों के सामानों की जांच की जाएगी, इसके लिए ईको विकास समिति को निर्देश दिया गया है। ईको विकास समिति मांझीपाल के बालसिंह ने कहा कि मांझीपाल स्थित बंबू रॉफ्टिंग परिसर में प्लास्टिक मुक्त किया गया है। इसके चलते यह परिसर स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रहता है। कार्यक्रम में निदेशक सहित परिक्षेत्र अधिकारी जैकब, उद्यान के अधिकारी युगल, वैष्णवी, डिप्टी रेंजर, ईको विकास समिति तीरथगढ़ के सदस्य एवं गांव के ग्रामीण शामिल रहे।

## पर्यटकों से एक पानी बोतल पर होगा 100 रूपए जुर्माना



**पर्यटकों को दे रहे टोकरी**

तीरथगढ़ जलप्रपात में पहुंचने वाले पर्यटकों को सामान के लिए प्लास्टिक हटाकर उद्यान की ओर से टोकरी दे रहे हैं, जिससे पर्यटक घूमने के बाद वापस के दौरान टोकरी को गेट में जमा करें। इससे सामान के साथ पर्यटक परिसर में प्लास्टिक नहीं ले रहे हैं।







**परिसर से हटाया प्लास्टिक**

विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम से पूर्व स्वच्छता अभियान शुरू किया, जिसमें निदेशक सहित सभी अधिकारी, ईको विकास समिति के सदस्य ने लगभग डेढ़ घंटे तक तीरथगढ़ जलप्रपात परिसर की स्वच्छता किया। इस दौरान लोगों ने कोने-कोने में रखे गए प्लास्टिक को ढूंढकर निकाला।

# मिनी गोवा पर्यटन स्थल को किया प्लास्टिक मुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बस्तर वन मण्डल के वनमण्डलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं उप वन मण्डलाधिकारी चित्रकोट योगेश कुमार रात्रे की अगुवाई में वन परिक्षेत्र चित्रकोट के समस्त अधिकारी कर्मचारियों द्वारा एवं वन प्रबंधन समिति सदस्यों तथा अन्य ग्रामीणों के सहयोग से मिनी गोवा कारबहार नेचर ट्रेल के आस-पास गैर जिम्मेदार पर्यटकों द्वारा फैलाई गई प्लास्टिक एवं कांच की

- विश्व पर्यावरण दिवस पर किया स्वच्छता अभियान

हानिकारक बॉटलों तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर उसे वन क्षेत्र से बाहर कर सुरक्षित रूप से निपटान किया। इससे सम्पूर्ण मिनी गोवा क्षेत्र को प्लास्टिक से मुक्त किया गया। इसके अलावा समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों से पर्यटन एवं पर्यावरण के संतुलित प्रबंधन के विषय पर चर्चा कर उक्त क्षेत्र को आज दिनांक से प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया। वहां आने वाले पर्यटकों से समस्त प्रकार के प्लास्टिक बॉटलों की गिनती कर उन्हें थैला दिया जाएगा, जिससे वे अपने साथ लाए अपशिष्ट को स्वयं वापस लाने हेतु प्रतिबद्ध होंगे।

**प्लास्टिक प्रदूषण को हराना**

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस का थीम है, प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना है, ताकि दुनिया भर के समुदायों को स्थायी समाधान अपनाने और बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। प्लास्टिक प्रदूषण से घातक प्रभावों को बढ़ाता है, जैसे जलवायु परिवर्तन, प्रकृति का संकट, भूमि और जैव विविधता की हानि तथा प्रदूषण और अपशिष्ट का संकट होता है, इसलिए प्लास्टिक प्रदूषण को हराना है।



# माइक्रोप्लास्टिक पार्टिकल से पर्यावरण जीव जन्तओं को हो रहा नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शास. काकतीय पीजी महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया जिसमें प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार श्रीवास्त, प्रो. रानू मेश्राम, प्रो. सुनील कुमार दत्ता एवं अन्य प्राध्यापकगण महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण, एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट्स तथा विद्यार्थीगण उपस्थित थे। प्राचार्य ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पर्यावरण क्षति एवं माइको प्लास्टिक से हो रहे दुष्प्रभाव के बारे में बतलाते हुए कहा उहा कि कैसे माइक्रोप्लास्टिक पार्टिकल हमारे पर्यावरण जीव जन्तुओं को नुकसान कर रहे है। वे जल, वायु के माध्यम से जीव जन्तुओं के शरीर में प्रवेश कर रहे हैं यहां तक कि नवजात शिशुओं को स्तनपान कराने वाली माताओं के दुग्ध में भी माइकोप्लास्टिक के कण पाए जा रहे है जो कि बहुत ही चिंता का विषय है। उक्त अवसर पर महा. परिवार ने महा. प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# अपने हितों की रक्षा के लिए पेंशनर्स हो रहे हैं लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सरकार के रवैया से हताश पेंशनरों के द्वारा अपने हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क में आकर संघर्ष करने की तैयारी जोर शोर से की जा रही हैं। यदि सरकार का उपेक्षा पूर्ण रवैया नहीं बदला तो पूरे छत्तीस गढ़ के बुजुर्ग पेंशनर एक जुट होकर सरकार को अपनी ताकत दिखाने के लिए बाध्य हो जायेंगे।

उक्त विचार भारतीय राज्य पेंशनर्स एकता महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव रामनारायण ताटी ने गुरुवार को दरभा विकास खंड के छिंदावाड़ा में आयोजित पेंशनरों की ब्लॉक स्तरीय बैठक के दौरान कही। ताटी ने कहा यह कैसी विडंबना है कि सरकार पेंशनरों की आवाज को अनसुना करये हुए लंबित मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। सरकार न तो मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 (6) को विलोपित करने की दिशा में अब तक कोई कारगर कदम उठा पाई है और न तो मोदी की गारंटी के तहत पेंशनरों को महंगाई राहत दे पाई है। सरकार के इस रवैया से पेंशनर बेहद आक्रोशित हैं और सड़क में आकर संघर्ष करने के लिए लामबंद हो रहे हैं। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के द्वारा पेंशनरों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए एक जुट करने के लिए लगातार ब्लाक स्तरीय बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दरभा ब्लॉक के छिंदवाड़ा में पेंशनर्स संघ की बैठक आयोजित की गई।



## डेबरीधूर महाविद्यालय एवं अनुशंधान केंद्र में सांसद ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

क्रांतिकारी डेबरीधूर महाविद्यालय एवं अनुसन्धान केंद्र में पौधारोपण किया गया। मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप, विशिष्ट अतिथि महापौर संजय पाण्डे, निगम स्पीकर खेमसिंह देवांगन,एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही,लक्ष्मण झा उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख डीन डॉक्टर जीपी नाग व स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर व आरती उतार कर किया। इसके बाद पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधे लगाकर उनको विकसित व संरक्षित करने का संकल्प भी लिया गया।अतिथियों को कार्यक्रम के अंत में शाल व पौधे देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर क्रांतिकारी डेबरीधूर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के स्टॉफ आर के देवांगन,भागवत कुमार, ईशु साहू, आशीष अनंत, राजश्री शुक्ला, अमित पैकरा, डॉक्टर सुमित, डॉ अमित, डॉक्टर नेहा, डॉक्टर संजय सिंह, डॉक्टर त्रिसला साहू, डॉ ममता भगत, सुश्री ज्योति ठाकुर सहित कॉलेज के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकृति संस्करण पर हरियाली का संकल्प




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में विश्व पर्यावरण दिवस के सम-सामयिक अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक

- एक पेड़ मां के नाम अभियान में किया पौधरोपण

वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रांगण में अनेक फूलदार पौधे एवं फलदार वृक्षों का रोपण किया गया जिससे पर्यावरण को स्वच्छ, हरा-भरा और संतुलित बनाए रखने में योगदान दिया जा सके। यह अभियान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो 5 जून से 30 सितम्बर तक चलेगा। इस दौरान संस्था के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक मिलकर निरंतर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश फैलाएंगे। संस्थान के प्राचार्य एसके त्रिवेदी ने कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि मानसिक संतुलन को बनाए रखने में भी सहायक होता है। हमें अपने घरों के आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए एवं अपने परिवेश को स्वच्छ रखना चाहिए। उन्होंने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला तथा छात्राओं को सतत और पर्यावरण हितैषी उत्पादों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने प्लास्टिक कचरे को उचित स्थान पर निष्पादित करने एवं सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाने का आग्रह भी किया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने हरित पर्यावरण स्वस्थ जीवन, पेड़ बचाओ, कल बचाओ, हम बनेंगे पर्यावरण सैनिक जैसे नारों के साथ पौधरोपण में भाग लिया। परिसर में चिह्नित स्थानों पर समूहों में मिलकर पौधे लगाए गए, जिसमें अमरूद, पपीता, गंगा बेर, गुलमोहर, और अन्य विविध प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में समस्त छात्राओं, फेकल्टी एवं स्टाफ द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता एवं समर्पण संबंधी शपथ भी लिया गया एवं सक्रिय रूप से शामिल होकर पर्यावरण संस्करण का संकल्प लिया गया।







# प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण को दूषित कर रहा है : विवेक सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मा के नाम कार्यक्रम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय 'पावन धाम वृंदावन कॉलोनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि रोटरी क्लब अध्यक्ष सीए

- हमारी धरती जितनी हरी भरी होगी उतनी ही जीवन में खुशहाली होगी : मंजूषा

भ्राता विवेक सोनी ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनायें दी। अपने संबोधन में पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखने की बात कहीं। उन्होंने कहा की ज़्यादा से ज़्यादा पौधा रोपण करे। प्लास्टिक का उपयोग हमारे पर्यावरण को दूषित कर रहा है। हमे प्लास्टिक को फेकने के बजाए प्लास्टिक के पानी बॉटल के डाल देना चाहिए और रिसाइकल करने भेजना चाहिए। बाहर जब कभी भी ख़रीदी करने जाये तो एक झोला अवश्य ले जाए। चाय कॉफ़ी डिस्पोजेबल कप्स में ना पिए। खाने का कोई भी सामान ख़ास तौर पर गर्म खाना प्लास्टिक बैग्स में न लाए इसके लिए अलग से घर से बर्तन ले जाये। वाटर हार्वेस्टिंग जैसे तकनीक को घर में लगाएं। सोलर पैनल्स का इस्तेमाल करें।नउन्होंने कहा एक संकल्प सब ले की कम से कम कोई भी एक उद्देश्य को हासिल करें जो आपको सहज और सरल लगे चाहे वो एक पौधा लगाना हो या किसी भी एक दिन प्लास्टिक का प्रयोग ना करना हो लेकिन अवश्य करें। उन्होंने अपने संबोधन में ये भी कहा कि सब से चमत्कारी और दो अक्षर के शब्द है। हमे सिर्फ संकल्प नहीं लेना है हमे सिर्फ सपने नहीं देखना है। हमे इसे पूरा करने के लिए कार्य भी करना है।

इस अवसर पर बस्तर संभाग की प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजूषा दीदी जी ने कहा मानव जाति पर्यावरण पर निर्भर है। हमें अभी जागृत होना पड़ेगा। हमारी धरती जितनी हरी भरी होगी उतनी ही जीवन में खुशहाली होगी। प्रकृति हमें फल फूल और कई प्रकार की औषधियॉ प्रदान करती है इन्हें संभालकर रखना एवं इनकी पालना करना हमारा कर्तव्य है। जितना हो सके हम अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगायें एवं पालना करें,देख भाल भी करें, इससे पर्यावरण की रक्षा भी होगी और पर्यावरण की रक्षा ही राष्ट्र की सुरक्षा है। पृथ्वी,जल,वायु, अग्नि,आकाश पांचों तत्वों के प्रति हम शुभ भावना रखें, प्रकृति को मित्र बनायें, प्रकृति के साथ जीना सीखें। आगे आपने कहा संकल्पों का प्रदूषण अर्थात नकारात्मक विचार भी पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है।

अतः हमे अपने विचारों के प्रदूषण को भी समाप्त करना होगा। इसके लिए हमे मेडिटेशन राजयोग का अभ्यास करके मन के नकारात्मक विचार तनाव को दूर करके मन को शांत करें एवं सकारात्मक सोच को बढ़ाएं।




